मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय,

क्रमांक एफ 11–64 /2016/1/9 भोपाल, दिनांक 29/11/2016

प्रति,

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
   मध्यप्रदेश शासन
   शासन के समस्त विभाग
   मध्यप्रदेश ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष
   मध्यप्रदेश।

विषयः– विभागीय वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन की सॉफ्ट प्रतियां विधानसभा के पटल पर रखे जाने के संबंध में।

–0–

उपरोक्त विषयांतर्गत प्रति वर्ष बजट सत्र के दौरान सभी विभागों के द्वारा विभागीय वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन विधानसभा के पटल पर प्रस्तुत किए जाते हैं। विधानसभा के पटल पर प्रस्तुत करने हेतु तथा अन्य विभागीय उपयोग के लिए विभागीय वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन की लगभग 1000 प्रतियां सभी विभाग मुद्रित कराते हैं।

2/ प्रशासकीय प्रतिवेदन के मुद्रण का कोई निर्धारित फार्मेट नहीं है। शासन के सभी विभाग प्रशासकीय प्रतिवेदन के मुद्रण में अलग–अलग राशियाँ व्यय करते हैं।

3/ वर्तमान में विधानसभा में विधानसभा प्रश्नों के उत्तर भेजने संबंधी समस्त कार्यवाही ऑन–लाईन की जा रही है, इससे पेपरलेस ऑफिस की अवधारणा को लागू करने में भी मदद मिली है।

4/ अतः निर्देशित किया जाता है कि वर्ष 2016–17 से विभागीय वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन की अधिकतम 05 प्रतियाँ ही मुद्रित कराई जाएँ तथा विधानसभा के पटल पर प्रस्तुत की जाएँ। अन्य प्रतियाँ सॉफ्ट कॉपी (सी.डी.) में ही विधानसभा को उपलब्ध कराई जाए ताकि विधानसभा के द्वारा माननीय विधायकगणों को प्रशासकीय प्रतिवेदन की सॉफ्ट कॉपी (सीडी में) उपलब्ध कराई जा सके। इसी तरह प्रत्येक विभाग द्वारा विभागीय वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन विभाग की वेबसाइट पर भी अपलोड कराया जाए।

(एम.के. वार्ष्णेय)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

180

पृष्ठांकन कमॉक एफ 11–64 /2016/1/9 भोपाल, दिनॉक 29/ 11 /2016

प्रतिलिपिः–

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन, भोपाल।
2. अध्यक्ष, राजस्व मंडल, म.प्र. ग्वालियर।
3. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, भोपाल
4. प्रमुख सचिव, म.प्र.विधानसभा भोपाल।
5. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, म.प्र. भोपाल।
6. सचिव, लोकायुक्त, म.प्र.भोपाल।
7. सचिव, म.प्र. लोक सेवा आयोग, म.प्र. इन्दौर ।
8. विशेष सहायक/निज सहायक, माननीय मुख्यमंत्री/मंत्री/राज्यमंत्री, म.प्र.शासन।
9. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल।
10. सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग/राज्य सूचना आयोग, म.प्र. भोपाल।
11. महाधिवक्ता/उपमहाधिवक्ता/अधिवक्ता, म.प्र. जबलपुर/इन्दौर/ग्वालियर।
12. महालेखाकार, म.प्र. ग्वालियर/भोपाल।
13. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मंडल/माध्यमिक शिक्षा मंडल, म.प्र. भोपाल।
14. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय, म.प्र. भोपाल।
15. मुख्य सचिव के उप सचिव, मंत्रालय, भोपाल
16. अध्यक्ष, म.प्र.राज्य कर्मचारी कल्याण समिति, भोपाल।
17. अध्यक्ष, शासन के समस्त मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठन/संघों, की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

29.11.16

उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग